दिन—बुधवार दिनांक— 17/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचहत्तरवें जन्म दिवस के अवसर पर आज देश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के धार में आयोजित कार्यक्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान देश के समस्त माताओं और बहनों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है कि एक भी महिला जानकारी या संसाधनों के अभाव में बीमारी का शिकार न हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित होते भारत में हमें मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को जितना संभव हो सके कम करना ही है। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। इधर, पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय मौजूद रहे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज श्रम संसाधन विभाग से निबंधित सभी कामगारों के खाते में वस्त्र सहायता योजना के तहत पांच—पांच हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। प्रदेश में पहली बार यह योजना लागू की गयी है। योजना के तहत सोलह लाख चार हजार नौ सौ उनतीस श्रमिकों के खाते में आठ सौ दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी गयी। इस अवसर पर श्री कुमार ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना — एमपीवाई के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी वेब कास्टिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े रहे।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता को लेकर सोशल मीडिया पर जारी आपत्तिजनक एआई वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से तुरंत हटाने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बजनथरी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार सिन्हा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि ये वीडियो किसी

नागरिक के मौलिक अधिकारों का भी हनन करता है। न्यायालय ने केंद्र सरकार, बिहार सरकार, बिहार प्रदेश कांग्रेस समिति, चुनाव आयोग और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को इस संबंध में नोटिस भी जारी किया है। गौरतलब है कि ये वीडियो बिहार कांग्रेस के एक्स हैंडल पर पिछले ग्यारह सितम्बर को पोस्ट किया गया था।

———————————————————————————

सृष्टि के प्रथम वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की आज श्रद्धापूर्वक पूजा–अर्चना की जा रही है। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण तथा सृजन का देवता माना जाता है। इस अवसर पर प्रदेश भर के इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कारखानों, वर्कशॉप और गैराजों में भी पूजा की जा रही है। आकाशवाणी, पटना के अभियंत्रण विभाग में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा पूजा पर लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने लोगों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की आज दूसरी वर्षगांठ है। इस अवसर पर बोधगया में आज से दो दिवसीय पीएम विश्वकर्मा और एससी–एसटी हब महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय सुक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और मंत्रालय में उनकी सहयोगी राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने महासम्मेलन का उद्घाटन किया। आयोजन में पीएम विश्वकर्मा योजना के दो हजार से अधिक लाभार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, नीतीश मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

मानसून की अति सक्रियता के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया में सबसे अधिक दो सौ उन्नीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, मानसी में एक सौ पचासी दशमलव दो और डुमरांव में एक सौ अड़तीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण और गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की

आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।